वर्ष:- 06
अंक:- 33
मुरादाबाद
(Sunday)
24 May 2026
पृष्ठ:-8
मूल्य:- 3.00 रूपया

दैनिक प्रातः कालीन
क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
मुरादाबाद से प्रकाशित
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

पीएम मोदी ने भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी, बताया युवा और ऊर्जावान नेता

प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष को युवा और ऊर्जावान नेता बताया है। इसके साथ ही अन्य भाजपा नेताओं ने भी नितिन नवीन को जन्मदिन के अवसर पर शुकामनाएं दी हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का जन्मदिन है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। इसके साथ ही उन्हों राष्ट्रीय अध्यक्ष को एक युवा और ऊर्जावान नेता बताया। आगे उन्होंने कहा कि उनके काम में सेवा और राष्ट्र-निर्माण के आदर्शों के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता की झलक मिलती है। इस दौरान, पीएम मोदी ने उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की।पीएम मोदी ने कही यह बात- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, %भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। एक युवा और ऊर्जावान नेता के रूप में उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने और कार्यकर्ताओं को सशक्त करने के लिए स्वयं को पूर्ण समर्पण के साथ समर्पित किया है। उनकी सोच, ऊर्जावान नेतृत्व और संगठनात्मक कार्य व प्रशासन की गहरी समझ ने उन्हें व्यापक सम्मान दिलाया है। उनका कार्य सेवा और राष्ट्र निर्माण के आदर्शों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। राष्ट्र की निरंतर सेवा के लिए मैं उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। गृह मंत्री अमित शाह ने भी दी बधाई- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी नितिन नवीन को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने पोस्ट किया, %भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आपका सरल व्यक्तित्व, संगठन के प्रति समर्पण और कार्यकर्ताओं में सेवा व कर्त्तव्य भाव को बढ़ावा देने का सतत प्रयास, पार्टी को और भी सशक्त बनाता रहेगा। ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और सफल जीवन की कामना करता हूं।% %कम समय में ही अपनी सक्रिय कार्यशैली%- केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने नितिन नवीन को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, %युवा और ऊर्जावान नेतृत्व के रूप में आपने कम समय में ही अपनी सक्रिय कार्यशैली, संगठनात्मक समझ और कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने की क्षमता से सभी के बीच विशेष पहचान बनाई है। संगठन को मजबूत करने के प्रति आपका समर्पण और सकारात्मक दृष्टिकोण अत्यंत सराहनीय है। ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करता हूं।%उत्तर प्रदेश और दिल्ली की मुख्यमंत्री ने भी दी बधाई- उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिखा, %युवा ऊर्जा के प्रतीक और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। आपके कुशल नेतृत्व में संगठन और सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं में राष्ट्र प्रथम का भाव और सुदृढ़ हुआ है। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि आपको उत्तम स्वास्थ्य, सुदीर्घ व सुयशपूर्ण जीवन की प्राप्ति हो।% दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नितिन नवीन को बधाई देते हुए पोस्ट किया, %आपकी दूरदर्शी सोच और समर्पित कार्यशैली से संगठन निरंतर सशक्त हो रहा है। आपका प्रेरणादायी मार्गदर्शन हम सभी कार्यकर्ताओं को सदैव नई ऊर्जा, उत्साह और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। प्रभु श्रीराम से आपके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की मंगलकामना करती हूं।%

योगी बोले- कोई बच्चा आर्थिक मजबूरी में शिक्षा से वंचित न रहे, 75 जनपदों में लागू होगी श्रमिक विद्या योजना

योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि आर्थिक मजबूरी के कारण कोई बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। बाल श्रमिक विद्या योजना अब प्रदेश के सभी 75 जिलों में लागू होगी। सरकार कौशल विकास, रोजगार मेले, सेवामित्र व्यवस्था और श्रमिक सुविधा केंद्रों को मजबूत कर युवाओं और श्रमिकों को बेहतर अवसर देने पर जोर दे रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रमिक कल्याण, कौशल विकास और रोजगार सृजन को और व्यापक तथा परिणाममुखी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। उन्होंने बाल श्रमिक विद्या योजना को प्रदेश के सभी 75 जनपदों में विस्तारित करने, 'सेवामित्र व्यवस्था' को और प्रभावी बनाने, निर्माण श्रमिकों के लिए बड़े शहरों में आधुनिक श्रमिक सुविधा केंद्र विकसित करने तथा रोजगार मिशन को वैश्विक अवसरों से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि श्रमिक केवल उत्पादन प्रक्रिया का हिस्सा नहीं, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था और प्रगति की सबसे बड़ी शक्ति हैं। सरकार की प्राथमिकता है कि श्रमिकों, युवाओं और कमजोर वर्गों को सम्मानजनक जीवन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित कार्य वातावरण और बेहतर रोजगार अवसर उपलब्ध हों।शनिवार को श्रम एवं सेवायोजन विभाग की विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों और प्रस्तावित योजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी बच्चा आर्थिक मजबूरी के कारण शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाल श्रम प्रभावित क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर बच्चों को विद्यालयों से जोड़ा जाए और उनके पुनर्वास की प्रक्रिया को प्रभावी बनाया जाएउन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र के सहयोग से इन बच्चों के कौशल विकास की कार्ययोजना भी तैयार की जाए। मुख्यमंत्री ने 'सेवामित्र व्यवस्था' को रोजगार और जनसुविधा का अभिनव मॉडल बताते हुए कहा कि तकनीक आधारित ऐसी व्यवस्थाएं युवाओं और कुशल कामगारों के लिए नए अवसर तैयार करती हैं। उन्होंने इसे और अधिक प्रभावी तथा जनोपयोगी बनाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2021 से संचालित इस व्यवस्था के तहत नागरिक मोबाइल ऐप, वेब पोर्टल अथवा कॉल सेंटर के माध्यम से घरेलू सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं।

वर्तमान में पोर्टल पर 1097 सेवा प्रदाता, 5049 सेवामित्र और 54,747 कुशल कामगार पंजीकृत हैं। मुख्यमंत्री ने सरकारी विभागों में भी आवश्यकता के अनुसार सेवामित्र व्यवस्था के उपयोग के प्रस्ताव को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इससे पारदर्शिता बढ़ेगी तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने श्रम विभाग में हुए संस्थागत सुधारों की सराहना करते हुए कहा कि उद्योगों के अनुकूल वातावरण और श्रमिक हितों के बीच संतुलन बनाना सरकार की नीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में अब तक 32,583 कारखाने पंजीकृत हो चुके हैं। मार्च 2017 तक जहां यह संख्या 14,176 थी, वहीं अप्रैल 2017 के बाद 18,407 नए कारखानों का पंजीकरण हुआ है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 4860 कारखानों का पंजीकरण किया गया। विभाग को बीआरएपी सुधारों के क्रियान्वयन में 'टॉप अचीवर' के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है तथा उद्योग समागम 2025 में श्रम क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया। आवास सुविधा उपलब्ध कराना भी आवश्यक- मुख्यमंत्री ने निर्माण श्रमिकों के लिए सभी औद्योगिक शहरों में प्रस्तावित श्रमिक सुविधा केंद्रों यानी 'लेबर अड्डों' को व्यवस्थित रूप से विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन केंद्रों को केवल श्रमिकों के एकत्रीकरण स्थल के रूप में नहीं, बल्कि श्रमिक सहायता एवं सुविधा केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़ी संख्या में दूसरे क्षेत्रों से आने वाले श्रमिकों के लिए सुरक्षित और व्यवस्थित आवास सुविधा उपलब्ध कराना भी आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कानपुर में प्रस्तावित औद्योगिक श्रमिक प्रशिक्षण संस्थान और छात्रावास योजना को कौशल विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार करना समय की मांग है।

जनता की कमाई को किश्तों में लूटा जा रहा है, ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी पर खरगे का केंद्र पर हमला

लगातार आठ दिनों में तीसरी बार पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ने पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार पर जनता की कमाई किस्तों में लूटने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई देशों ने ईंधन पर राहत दी, जबकि भारत में लगातार दाम बढ़ाए जा रहे हैं।देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी को लेकर सियासत तेज हो गई है। लगातार आठ दिनों में तीसरी बार ईंधन के दाम बढ़ने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को केंद्र सरकार पर जनता की कमाई किस्तों में लूटने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें कम होने के बावजूद सरकार ने लोगों को राहत नहीं दी, बल्कि टैक्स बढ़ाकर जनता पर बोझ डाला।खरगे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हिंदी में पोस्ट करते हुए कहा कि देश में नेतृत्व का संकट है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब पश्चिम एशिया में युद्ध जैसी स्थिति बनी और दुनिया के कई देशों ने अपने नागरिकों को राहत दी, तब भारत में भाजपा सरकार लगातार पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाकर आम लोगों की जेब पर चोट कर रही है।उन्होंने कहा कि पेट्रोल अब कई जगहों पर 100 रुपये प्रति लीटर के पार पहुंच चुका है और सरकार किस्तों में जनता की कमाई लूट रही है। खरगे ने दावा किया कि पेट्रोल-डीजल पर केंद्र सरकार रोजाना लगभग 1,000 करोड़ रुपये का टैक्स वसूल रही है। उन्होंने कहा कि जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें कम थीं, तब सरकार ने उसका फायदा जनता तक नहीं पहुंचाया।कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि संकट के समय भाजपा नेतृत्व चुनावों में व्यस्त रहा और चुनाव खत्म होते ही लोगों को त्याग का संदेश दिया जाने लगा। उन्होंने कहा कि सिर्फ आठ दिनों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें तीन बार बढ़ा दी गईं। किन देशों का दिया उदाहरण?- खरगे ने कई देशों का उदाहरण देते हुए कहा कि इटली ने ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी घटाकर लोगों को राहत दी। ऑस्ट्रेलिया ने भी टैक्स कम कर पेट्रोल की कीमतों में करीब 17 रुपये प्रति लीटर तक राहत दी। उन्होंने कहा कि जर्मनी ने तेल पर टैक्स घटाकर कीमतों में 17 से 19 रुपये प्रति लीटर तक कमी की। ब्रिटेन ने परिवारों को 100 पाउंड की सहायता देने के साथ ईंधन और बिजली पर टैक्स कम किए। आयरलैंड ने भी राहत पैकेज देकर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कटौती की। खरगे ने केंद्र पर साधा निशाना- खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए पूछा कि इस किस्तों वाली लूट में हिस्सा किस-किस को मिल रहा है? उन्होंने कहा कि अब 140 करोड़ भारतीय समझ चुके हैं कि सरकार का असली संकट नेतृत्व का है। दरअसल, शनिवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में फिर बढ़ोतरी की गई। सरकारी तेल कंपनियों ने पेट्रोल के दाम में 87 पैसे प्रति लीटर और डीजल में 91 पैसे प्रति लीटर तक का इजाफा किया। इससे पिछले दस दिनों में ईंधन की कीमतों में कुल मिलाकर लगभग 5 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हो चुकी है। इससे पहले 15 मई को पेट्रोल और डीजल दोनों के दाम में 3 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी। इसके बाद 19 मई को फिर करीब 90 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि हुई। अब तीसरी बढ़ोतरी के बाद आम लोगों पर महंगाई का दबाव और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

पीएम मोदी पर अमर्यादित टिप्पणी का मामला, अजय राय और 30 समर्थकों पर एफआईआर, अधिवक्ता ने सौंपी 'पेन ड्राइव'

नीट छात्रा से मिलने पहुंचे कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, प्रदेश सचिव बृजराज सिंह और 30 समर्थकों पर पीएम मोदी पर अमर्यादित टिप्पणी करने व सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। एएसपी वंदना सिंह ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

महोबा जिले में अपहरण व दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली नीट की तैयारी कर रही छात्रा से मिलने आए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की मुश्किलें बढ़ गईं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अमर्यादित टिप्पणी करने के मामले में भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य और अधिवक्ता नीरज रावत की तहरीर पर अजय राय, निवर्तमान प्रदेश सचिव बृजराज सिंह समेत 30 समर्थकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। मध्यप्रदेश के जनपद छतरपुर के एक गांव निवासी 25 वर्षीय युवती महोबा में किराये का कमरा लेकर नीट की तैयारी कर रही थी। 30 अप्रैल को वह लाइब्रेरी से घर लौटते समय लापता हो गई थी। 16 दिन बाद युवती को पुलिस ने बरामद किया था। युवती ने आरोपियों पर अपहरण, दुष्कर्म व प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था।

हालांकि, बाद में युवती का शादी करते वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ।पीएम के खिलाफ अपशब्द कहते सुनाई दे रहे हैं- इसमें स्वेच्छा से विवाह किए जाने जैसे तथ्य दिखाई दिए।

इसके बाद से यह मामला बदलता नजर आने लगा। शुक्रवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय महोबा पहुंचे और नीट की तैयारी कर रही छात्रा से पूरी घटना की जानकारी ली। पीड़िता से मिलकर जाते समय कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ, जिसमें वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपशब्द कहते सुनाई दे रहे हैं। 15-16 गाड़ियों के काफिले के साथ पहुंचे थे अजय राय- प्रधानमंत्री पर अमर्यादित टिप्पणी के बाद भाजपाई आक्रोशित हो गए। अधिवक्ता नीरज रावत ने शहर कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि 22 मई को बिना प्रशासनिक अनुमति के कार्यक्रम आयोजित किया गया था। आरोप लगाया कि अजय राय 15-16 गाड़ियों के काफिले और दर्जनों समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे। वाहनों को सड़क पर अव्यवस्थित तरीके से खड़ा किया गया। इससे रास्ता बाधित हो गया।विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज- ड्यूटी पर तैनात पुलिस और प्रशासनिक कर्मचारियों को शांति व्यवस्था बनाए रखने में मशक्कत करनी पड़ी। उन्होंने वायरल वीडियो की पैन ड्राइव पुलिस को साक्ष्य के तौर पर सौंपी। अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह का कहना है कि प्रधानमंत्री पर आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के मामले में तहरीर मिली है। तहरीर के आधार पर सरकारी कार्य में बाधा समेत विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले की जांच कराई जा रही है।

संक्षिप्त समाचार

राज्यसभा की याचिका समिति के अध्यक्ष बने राघव चड्ढा, सभापति सीपी राधाकृष्णन ने किया मनोनीत

आम आदमी पार्टी छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को बड़ी जिम्मेदारी मिली है। उन्हें राज्यसभा की याचिका समिति का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।आप पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। राघव चड्ढा को उच्च सदन यानी राज्यसभा की याचिका समिति का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने इस समिति का पुनर्गठन करते हुए इसमें दस सदस्यों को नामांकित किया है। राघव चड्ढा की यह नियुक्ति तुरंत प्रभाव से लागू हो गई है।राज्यसभा सचिवालय ने जारी की अधिसूचना- राज्यसभा सचिवालय की ओर से जारी एक आधिकारिक अधिसूचना में इस नियुक्ति की पुष्टि की गई है। अधिसूचना में कहा गया है कि सभापति सीपी राधाकृष्णन ने याचिका समिति का पुनर्गठन किया है, जो 20 मई से प्रभावी हो गया है। राघव चड्ढा को इस महत्वपूर्ण समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। त में राघव चड्ढा के अलावा देश के कई अन्य प्रमुख सांसदों को शामिल किया गया है। इस समिति के अन्य सदस्य हर्ष महाजन, गुलाम अली, शंभू शरण पटेल, मयंककुमार नायक, मस्तान राव यादव बीधा, जेबी माथेर हिशाम, सुभाशीष खुंटिया, रोंगवरा नारजारी और संदोष कुमार पी हैं।

संपादकीय Editorial

Weather Attack

The scorching sun has penetrated Himachal's surroundings, not only bringing a powerful sense of heat, but also turning the faces of Shimla, the queen of the mountains, red.

With temperatures rising below 44 degrees Celsius in Una, many obstacles and life's harshest trials have begun. Just one degree behind, Baddi has also become a tangle of challenges. Heat waves are ravaging the entire state, from Paonta Sahib, Solan, and Bilaspur, impacting life and the economy. Farmers, gardeners, students, and consumers are suffering, and we are all responsible for this situation. Himachal's emptiness, negligence, and insensitivity are being witnessed in the throes of the scorching heat.

If temperatures from the plains to the mountains are astonishing, we are to blame for turning the mountainous environment into a graveyard. Some policies and our materialistic approach to development have created an imbalance with nature. As a result, despite declaring 68 percent of our land forested, we are heating up the winds and remaining deprived of the shade of forests. Ironically, the Forest Department, which has been cultivating pine forests, failed to realize that their trees would only defoliate in the summer, igniting widespread fires. The pine's relationship with the mountains has only proven positive in statistics. The afforestation initiatives adopted by the Forest Department since the 1970s are now turning into dry stumps, like matchsticks in summer. The news hasn't been so dire, but when the sun burns the forests above 35 degrees, the environment will become a matchbox.

To strengthen our relationship with forests and climate, broadleaf plants need proper care. Our neighboring state, Uttarakhand, chose to bid farewell to pine forests after a court battle, and achieved some success. Similarly, forest conservation should not mean counting pine trees in the forest, but rather raising the slogan of environmental protection. If environmental conservation concepts and policies are not strengthened for the Himalayan glaciers, lakes, and rivers, then the onslaught of weather will destroy our very shelter. The increasing heat in Himachal has affected education, agriculture, horticulture, irrigation, water supply, and electricity.

Therefore, to ensure children's attendance in schools, we must first emphasize preventive and relief measures beyond the timeframe. Similarly, innovative measures must be considered for water storage and distribution for agricultural and horticultural needs.

Ironically, we have allocated all of Himachal's water to large dam projects without considering the need to build permanent dams for irrigation and water supply. Our heat is a warning sign of our rainfall, and heavy rains become a warning sign of extreme cold. Therefore, given the impact of climate change on the seasons, our agricultural and horticultural universities must adjust their research standards for innovation, technology, and suitable seeds. The Education Department also needs to adjust the holiday calendar to accommodate the changing patterns of summer, rain, and winter.

Seven Jugalbandhis in Indian Politics: Their Profound Impact on the Country's Geographic, Economic, and Social Conditions

Since independence, the country has seen seven political coups that have impacted the nation's geographic, economic, and social conditions. Their tenures have had a profound impact on people's lives. On August 6, 2019, I was having coffee with some colleagues at the Indian Institute of Science in Bengaluru. We were discussing the abrogation of Article 370 in Kashmir the previous day. A young computer scientist remarked, "Now we are faced with Shah 1.0, not Modi 2.0." This comment came about because Home Minister Amit Shah had planned and implemented the abolition of the special status of India's only Muslim-majority state. Perhaps it's an exaggeration to call it "Shah 1.0," but there's no doubt now that Amit Shah is the most powerful person in the government after the Prime Minister, and the only minister with real authority and the ability to make independent decisions. This political alliance between Modi and Shah isn't unique in Indian politics. The partnership between Jawaharlal Nehru and Vallabhbhai Patel in the early years of independent India is a prime example. Today's politics portrays them as rivals and adversaries, whereas in reality, they were friends, allies, and co-workers. If the creation of a united and democratic India was possible amidst the tragedy, deprivation, conflict, and social divisions of Partition is largely due to the alliance between Nehru and Patel. Patel played a key role in unifying India geographically—he merged the princely states, modernized the administrative system, controlled the extremist elements of the Hindu right and communist left, and created an environment supportive of the constitution-making process, led by Dr. Bhimrao Ambedkar. Nehru, on the other hand, worked to unite India emotionally. He advocated equal rights for religious and linguistic minorities and women, and strongly supported universal adult suffrage despite strong elite opposition. Nehru and Patel certainly had their differences, but they overcame them to prioritize national interest. It is also true that they enjoyed the support of talented ministers and capable bureaucrats like Ambedkar. Nevertheless, historians have convincingly demonstrated that their partnership played a decisive role in shaping a fragmented India into a unified nation. After Patel's death in December 1950 and Ambedkar's resignation the following year, Nehru became the most influential leader in the cabinet, a position perhaps not entirely beneficial. The next major "duo" in Indian politics emerged in the late 1960s, when Prime Minister Indira Gandhi appointed former diplomat P.N. Haksar as her Principal Secretary. Haksar soon became more influential than any of Indira Gandhi's ministers. Between 1970 and 1975, he was her most trusted aide and key advisor. He played a key role in planning Indira Gandhi's greatest political success, the Bangladesh Liberation War. He also contributed to the promotion of high-quality scientific development in crucial sectors such as agriculture and space. However, this also had a downside. Haksar was instrumental in formulating Indira Gandhi's economic policies based on centralization and government control, which ultimately harmed the country. In 1975, P.N. Haksar was sidelined and replaced by Prime Minister Indira Gandhi's son, Sanjay Gandhi. This partnership between Indira Gandhi and Sanjay Gandhi was responsible for leading the country towards authoritarianism. The suppression of civil liberties, censorship of the press, control of the judiciary, subjugation of the bureaucracy and police by a mother-son duo, and the imprisonment of all political opponents—all these were characteristic of that era, and unlike the Indira Gandhi-Haksar partnership, this alliance had no positive aspects. The next important partnership that emerged in government was that of P.V. Narasimha Rao and Manmohan Singh. As Prime Minister and Finance Minister between 1991 and 1996, they played a key role in freeing the country from the license-permit-quota raj. The economic reforms they initiated paved the way for three decades of steady economic growth, reducing poverty, leading to the emergence of a large middle class, and enhancing India's global standing. This was followed by the partnership between Atal Bihari Vajpayee and Advani. Together, they established the BJP as the main national rival to the Congress in the 1980s and 1990s. When the BJP was in power between 1998 and 2004, Vajpayee served as Prime Minister and Advani as Home Minister. They continued the economic liberalization initiated by Rao and Manmohan Singh, with the help of capable ministers like Yashwant Sinha and Jaswant Singh. Because their government was based on a multi-party coalition, the majoritarian tendencies of the Sangh Parivar were not given the opportunity to fully operate. In 2004, the BJP was unexpectedly voted out of power. For the next ten years, the country was ruled by a Congress-led multi-party coalition. Once again, two individuals held the most power: Prime Minister Manmohan Singh and Congress President Sonia Gandhi. Under Manmohan Singh's leadership, the country's economic progress remained impressive, While significant efforts were made to build a social security system for the poor under the guidance of Sonia Gandhi and her National Advisory Council, the achievements of this partnership were overshadowed by who held the keys to power. Power should have rested with the Prime Minister, but Manmohan Singh, a naturally reserved and risk-averse leader, allowed Sonia Gandhi to interfere excessively even in matters that should have been his domain, such as education policy. The Modi-Shah alliance has slowed economic progress. Furthermore, their tenure has seen a sustained attack on the Indian tradition of social and cultural pluralism. However, I refrain from assigning marks or ranking the seven alliances mentioned in this article. Nevertheless, I consider the Nehru-Patel alliance to be superior and constructive. I do not see the Indira Gandhi-Sanjay Gandhi and Narendra Modi-Amit Shah alliances as serving the nation's interests.

India-Bangladesh Border: How long is the India-Bangladesh border, and how will the work be completed?

The total length of the international border between India and Bangladesh is 4,096.7 kilometers. It is India's longest land border and the fifth-longest land border in the world. This border passes through five Indian states. Both Prime Minister Modi and Home Minister Shah stated during the Bengal Assembly election campaign that the fencing work along the Bengal-Bangladesh border would be completed within 45 days of the BJP forming a government in Bengal. Chief Minister Suvendu Adhikari took the first decision on this issue in his first cabinet meeting. The international border between Bengal and Bangladesh is 2,216.7 kilometers long. A total of nine districts of Bengal share an international border with Bangladesh. Cooch Behar, Jalpaiguri, Darjeeling, North Dinajpur, South Dinajpur, Malda, Murshidabad, Nadia, and North 24 Parganas. The total length of the India-Bangladesh international border is 4,096.7 kilometers. It is India's longest land border and the fifth longest in the world. This border passes through five Indian states: Bengal - 2,216.7 kilometers, Tripura - 856 kilometers, Meghalaya - 443 kilometers, Mizoram - 318 kilometers, and Assam - 263 kilometers.

Bengal shares approximately 569 kilometers of this 2,216.7 kilometer unprotected border with Bangladesh, but the areas of Malda and Murshidabad are considered the most notorious. Due to the lack of fencing here, Bangladeshi infiltrators easily cross the border and enter India. The remaining approximately 113 kilometers of border area, which remains unfenced, is unsuitable for fencing due to rivers and lakes. Due to geographical reasons, permanent barbed wire fencing is difficult in some areas due to rivers and sandy banks, forcing the government to use alternative surveillance measures such as floating BOPs and floodlighting. Security and surveillance of this border is handled by the Border Security Force. Infiltration has been a major concern; fencing was not possible due to the previous state government's refusal to provide land. This has led to an increase in infiltration. Data shows that 1,547 infiltrators were arrested in 2023 and 1,694 in 2024 along the Bengal border with Bangladesh. This number further increased in 2025. This includes cattle and drugs. Fake currency, weapons, and narcotics are also smuggled on a large scale. Cross-border criminals steal ripe crops and cattle from Indian farmers' fields. The infiltrators, who were a fixed vote bank of the previous government, had a strong presence. Now that the land has been acquired, this entire area can be fenced soon, which will stop such illegal infiltration. However, it's not that the BSF doesn't monitor this unfenced area. But once the fencing is complete, it will be properly monitored, significantly reducing the risk of infiltration from anywhere. In fact, the biggest infiltration problem was occurring along the Bengal-Bangladesh border. While 1647.7 kilometers of the 2216.7 kilometer border has been fenced with barbed wire, the remaining 569 kilometers remain unfenced. Most infiltration attempts originate from these unfenced, open border areas. Following Mamata Banerjee's defeat, the Union Home Ministry and the BSF have intensified preparations after the BJP government, led by Chief Minister Suvendu Adhikari, announced that it would allot land to the BSF within 45 days. This will now curb infiltration from Bangladesh. Special security arrangements will be made along the Bengal-Bangladesh border. Smart anti-cut fencing will be installed along the border. Cameras and drones equipped with AI technology will also be used for security. This will necessitate the creation of 12 to 15 more BSF battalions. More BOPs will also be established along the border. Some political parties in Bangladesh have reacted to the Bengal government's historic decision and firm stance to hand over land to the Border Security Force within 45 days for the pending border fencing. Meanwhile, district officials in nine districts across Bengal have joined forces with the Border Security Force to transfer land. However, Nandini Chakraborty, Mamata Banerjee's most trusted and the first female Home Secretary, will have a major task as the principal coordinator of development projects. This first task will be to ensure the smooth completion of the land transfer process to the Border Security Force for the construction of barbed wire fencing along the state's international border with Bangladesh.

गोली एक और मौत दोः मां-पापा ऐसा कदम उठाएंगे सोचा न था, जान देने वाले बर्तन व्यापारी और पत्नी को थी ये बीमारी

रामपुर में दंपती गोलीकांड से परिवार सदमे में है। कई पहलुओं पर जांच जारी है। पुलिस को मौके से सुनील रस्तोगी की 15 पेज की डायरी भी मिली थी। डायरी में उन्होंने अवसाद, आर्थिक परेशानियों, पारिवारिक जिम्मेदारियों और पत्नी की बीमारी का जिक्र किया था। यूपी के रामपुर जिले के शाहबाद कस्बे के मुख्य बाजार में हुए दंपती गोलीकांड के बाद पूरे नगर में शोक का माहौल है। बर्तन व्यापारी सुनील रस्तोगी और उनकी पत्नी नेहा रस्तोगी की मौत के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बेटे पीयूष रस्तोगी और बेटी कृषि रस्तोगी का रो-रोकर बुरा हाल है। दोनों का कहना है कि उन्हें कभी अंदाजा नहीं था कि उनके माता-पिता इतना बड़ा कदम उठा लेंगे।बताया जा रहा है कि आर्थिक तंगी, पारिवारिक जिम्मेदारियों और पत्नी की लंबी बीमारी के कारण सुनील रस्तोगी काफी समय से मानसिक तनाव में थे। बृहस्पतिवार सुबह उन्होंने अपनी लाइसेंसी राइफल से पत्नी नेहा रस्तोगी को पीठ से सटाकर खुद को गोली मार ली थी। एक ही गोली लगने से दोनों की मौत हो गई थी। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई थी।पीयूष और कृषि ने बताया कि घर में सुख-दुख आते रहते हैं, लेकिन उन्हें इस बात की भनक तक नहीं थी कि उनके माता-पिता अंदर ही अंदर इतना टूट चुके थे। कृषि एक दिन पहले ही नोएडा से घर आई थी। उसने बताया कि वह अपने माता-पिता से ठीक से बात भी नहीं कर सकी थी और इससे पहले ही यह घटना हो गई।घटना के बाद से दोनों भाई-बहन गहरे सदमे में हैं। परिजन लगातार उनके साथ मौजूद हैं और उन्हें अकेला नहीं छोड़ रहे हैं। परिवार के करीबी लोगों का कहना है कि दोनों किसी से ज्यादा बातचीत भी नहीं कर पा रहे हैं।पुलिस को मौके से सुनील रस्तोगी की 15 पेज की डायरी भी मिली थी। डायरी में उन्होंने अवसाद, आर्थिक परेशानियों, पारिवारिक जिम्मेदारियों और पत्नी की बीमारी का जिक्र किया था। उन्होंने लिखा था कि वह लंबे समय से मानसिक तनाव में थे और परिवार पर बोझ नहीं बनना चाहते थे। कोतवाल प्रदीप कुमार ने बताया कि मामले में कई पहलुओं पर जांच की जा रही हैपुलिस क्राइम सीन कराएगी रिक्रिएट- रामपुर जिला पुलिस जल्द ही शाहबाद सुसाइड मामले में क्राइम सीन रिक्रिएट कराएगी। इससे यह पता चलेगा कि कैसे व्यापारी ने सुसाइड किया। एएसपी अनुराग सिंह ने बताया कि क्राइम सीन रिक्रिएट का उद्देश्य घटनाक्रम को स्थापित करना है। इसमें यह पता लगाने की कोशिश की जाएगी कि दोनों ने कैसे आत्महत्या की।कैंसर पीड़ित पत्नी को पीठ से सटा व्यापारी ने चलाई राइफल, दोनों की मौत- रामपुर के शाहबाद कस्बे के मुख्य बाजार में रहने वाले बर्तन व्यापारी सुनील रस्तोगी (50) ने बृहस्पतिवार की सुबह करीब 7.30 बजे पत्नी नेहा रस्तोगी (45) को अपनी पीठ से सटाकर लाइसेंसी राइफल से खुद को गोली मार ली। व्यापारी के सीने से निकली 315 बोर की गोली पीछे मौजूद पत्नी के सीने में जा घुसी।एक गोली से दोनों की मौत हो गई। घटना के तुरंत बाद इसे राइफल साफ करने के दौरान का हादसा बताया गया लेकिन शाम होने तक पुलिस के हाथ वह डायरी लग गई, जिसमें उन्होंने पत्नी को कैंसर होने के बाद से निराशा, आर्थिक तंगी और तनाव से गुजरने की लंबी कहानी लिखी है।पुलिस ने परिजनों के हवाले से बताया कि वह अवसाद से जूझ रहे थे।सुनील रस्तोगी ने पत्नी और खुद को लाइसेंसी राइफल से निशाना बनाने की वारदात को अपने घर की दूसरी मंजिल पर अंजाम दिया।घर में अचानक गोली चलने की आवाज सुनकर नीचे के कमरे (भूतल) में मौजूद सुनील का बेटा पीयूष और बेटी कृषि दौड़कर ऊपरी मंजिल पर पहुंचे। गोली की आवाज से कुछ पड़ोसी भी उनके घर आ गए।सभी ने पति-पत्नी के रक्तरंजित शव देखे। पास में ही उनकी लाइसेंसी राइफल पड़ी थी।उनके हाथ में लोहे का पाइप था, जैसा परदे टांगने में इस्तेमाल होता है। पड़ोसियों की सूचना पर सीओ देवकीनंदन तत्काल मौके पर पहुंचे। कुछ देर में ही रामपुर से एएसपी अनुराग सिंह और एसपी सोमेंद्र मीणा भी व्यापारी के घर पहुंच गए। फोरेंसिक टीम ने मौके से कुछ सैंपल लिए।शाम को एएसपी ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के हवाले से बताया कि सुनील रस्तोगी ने सीने से सटाकर राइफल चलाई थी। इससे निकली गोली पत्नी नेहा के सीने के पास मिली है। रिपोर्ट में गोली के जो एंगल आए हैं, उसके मुताबिक आत्महत्या करते समय सुनील ने पत्नी को अपनी पीठ के पीछे खड़ा किया हुआ था। एसपी सोमेंद्र मीणा ने बताया कि सुनील के घर से पुलिस को एक डायरी भी मिली है। इसमें उन्होंने निराशा-तनाव और अवसाद में होने की बात लिखी है। उनकी पत्नी कैंसरग्रस्त और खुद गठिया पीड़ित होने की जानकारी भी है। इस बीच व्यापारी के हाथ में पाइप होने के पीछे का मकसद स्पष्ट नहीं हो सका है। इसे लेकर लोग तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं।बेटे को श्रवण कुमार बता लिखी पीड़ा अब बोझ नहीं बन सकता, माफ करना- शाहबाद में बर्तन व्यापारी सुनील रस्तोगी ने आत्महत्या से पहले 15 पेज की डायरी लिखी थी। डायरी में उन्होंने अपने अवसाद, पारिवारिक जिम्मेदारियों और पत्नी की बीमारी का जिक्र करते हुए आत्महत्या का इशारा दिया है। उन्होंने लिखा कि लंबे समय से मानसिक तनाव में अपने परिवार पर बोझ नहीं बनना चाहता। डायरी में भतीजे गौरव को संबोधित करते हुए सुनील ने लिखा, प्रिय गौरव राम-राम जुलाई 2024 में अनु की शादी के छह दिन बाद अचानक मेरे कूल्हे में दर्द उठा। इलाज कराने के बाद भी आराम नहीं मिला। परिवार कैसे चलेगा, इसी चिंता में मैं डिप्रेशन में चला गया।024 में उनकी पत्नी की तबीयत खराब हो गई। इसके बाद वह अपने दुखों को नजरअंदाज कर पत्नी के इलाज और काम में लगे रहे। 16 अगस्त 2025 को पत्नी और बेटे के साथ हादसा हो गया, जिसके बाद पत्नी मानसिक रूप से काफी परेशान रहने लगीं। डायरी में उन्होंने लिखा कि बेटा पीयूष पिछले 18 महीने से श्रवण कुमार की तरह माता-पिता की सेवा कर रहा था। उन्होंने लिखा, अब मैं बोझ नहीं बन सकता, इसलिए अपनी पत्नी को भी साथ ले जा रहा हूं। मुझे माफ कर देना पत्नी का हत्यारा और अपने बच्चों का बदनसीब पिता कहलाने का अधिकारी नहीं हूं। डायरी में सुनील ने अपनी पत्नी और बच्चों के प्रति प्रेम का जिक्र करते हुए बेटे को कारोबार सिखाने, बेटी की शादी और जमीन-जायदाद से जुड़ी बातें भी लिखीं। साथ ही रिश्तेदारों और ससुराल पक्ष का भी उल्लेख किया।

रेफरल और लापरवाही के बीच चली गई 44 महिलाओं की जान, 12 की रास्ते में तथा 11 की घर में मौत

मुरादाबाद जिले में अप्रैल 2025 से मार्च 2026 के बीच 44 गर्भवती और प्रसूता महिलाओं की मौत दर्ज हुईं। इनमें 21 मौतें निजी अस्पतालों में, 11 घर पर और 12 रास्ते या रेफर के दौरान हुईं। विशेषज्ञों ने रक्तस्राव, उच्च रक्तचाप, संक्रमण और समय स्वास्थ्य सेवाओं की तस्वीर चिंताजनक है। अप्रैल 2025 दर्ज हुई है। यह सिर्फ आंकड़ा नहीं, बल्कि उस स्वास्थ्य तोड़ रही हैं।दूसरी ओर सरकारी अस्पतालों में एक भी 44 मौतों में से 21 महिलाओं की मौत निजी अस्पतालों दौरान दम तोड़ा।स्वास्थ्य विभाग वर्षों से संस्थागत प्रसव महिलाओं की घर पर मौत यह बता रही है कि ग्रामीण और एएनएम स्तर पर हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की फीका पड़ता दिख रहा है।रिपोर्ट के अनुसार ताजपुर क्षेत्र के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव, उच्च रक्तचाप, संक्रमण और समय पर ऑपरेशन न मिलना मातृ मृत्यु की बड़ी वजहें होती हैं। जिले में रास्ते में हुई 12 मौतें बताती हैं कि रेफरल सिस्टम और इमरजेंसी ट्रांसपोर्ट अभी भी बेहद कमजोर है। कई बार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल और वहां से मेडिकल कॉलेज रेफर करने में ही कीमती समय निकल जाता है। हालांकि विभाग ने सीएमओ के द्वारा सभी 44 मामलों की समीक्षा पूरी होने का दावा किया है। विशेषज्ञों का मानना है कि जब तक गांव स्तर पर निगरानी, एंबुलेंस की उपलब्धता, ब्लड बैंक और प्रसूति विशेषज्ञों की व्यवस्था मजबूत नहीं होगी, तब तक सुरक्षित मातृत्व का दावा कागजों में ही सीमित रहेगा। सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह का कहना है कि स्थिति में पहले से काफी सुधार हुआ है। अनुमानित मौतों के सापेक्ष आंकड़ा देखेंगे तो सुधार नजर आएगा। प्रदेश में भी बढ़ गई मातृ मृत्यु दर- एसआरएस (सैंपल रजिस्ट्रेशन सर्वे) की रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश में मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) पिछले वर्षों की अपेक्षा बढ़ गई है। वर्ष 2019-21 में यूपी का एमएमआर 167 था, जो 2020-22 में घटकर 151 और 2021-23 व 2022-24 में 141 तक पहुंच गया था। लेकिन 2023-25 में यह दर फिर बढ़कर 154 हो गई। यानी दो वर्षों तक स्थिर रहने के बाद मातृ मृत्यु दर में 13 मौतों की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। दूसरी ओर देश का औसत लगातार घटते हुए 97 से 87 तक पहुंच गया। कहां कितनी गर्भवतियों व प्रसूताओं की मौतें दर्ज- क्षेत्र संख्या- ताजपुर 10 ठाकुरद्वारा 6 डिलारी 5 मूंढापांडे 5 मुरादाबाद नगर 5 कांठ 4 भोजपुर 4 बिलारी 3 कुंदरकी 2 कहां हुईं मौतें निजी अस्पताल 21 घर पर 11 रास्ते/रेफर के दौरान 12

छत के कुंडे से लटका मिला एलएलबी की छात्रा का शव, पुलिस ने कहा- नहीं मिला कोई नोट, हो रही जांच

बिलारी में एलएलबी छात्रा का शव कुंडे से लटका मिला। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया है। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल कोई नोट नहीं मिला है।बिलारी के मोहल्ला शांतिपुरम में किराये के मकान में रहकर पढ़ाई कर रही एलएलबी की छात्रा रिंकी (24) का शव छत के कुंडे में दुपट्टे के सहारे से लटका मिला। रिंकी अमरपुरकाशी स्थित ग्रामोदय लॉ कॉलेज में एलएलबी द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा थी। मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने नमूने जुटाए हैं। शुक्रवार की शाम आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में लटकने से मौत होने की पुष्टि हुई है।पुलिस के मुताबिक, रामपुर जिले के सैफनी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दिव्या नगला के मझरा नत्थूवाला निवासी कुंवरपाल सिंह की बेटी रिंकी बिलारी नगर के मोहल्ला शांतिपुरम में ओमवती के मकान में चार माह से किराये पर रहकर एलएलबी की पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी।दो मंजिला मकान के ग्राउंड फ्लोर पर ओमवती अकेली रहती हैं और ऊपरी मंजिल पर किरायेदार रिंकी भी अकेली रहती थी। बताया जा रहा है कि बृहस्पतिवार की रात करीब 12 बजे रिंकी के घरवालों ने उसे फोन किया तब रिंकी का फोन नहीं उठा।रिंकी के भाई छत्रपाल ने अपने मित्र ब्रजपाल को रिंकी को देखने के लिए उसके कमरे पर भेजा। ब्रजपाल मौके पर पहुंचा तो उसने देखा कि कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज देने और दरवाजा पीटने पर भी जब रिंकी की ओर से कोई जवाब नहीं आया तब ब्रजपाल ने झटका मारकर दरवाजा खोल दिया। कमरे में रिंकी छत के कुंडे में दुपट्टे के सहारे लटकी हुई मिली। मकान स्वामी की सूचना पर बृहस्पतिवार की रात दो बजे बिलारी पुलिस मौके पर पहुंची और सूचना देकर छात्रा रिंकी के परिजनों को बुला लिया। पुलिस की सूचना पर फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य इकट्ठे किए। शुरुआती जांच में छात्रा द्वारा आत्महत्या किए जाने की वजह पता नहीं चल पाई। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव नत्थूवाला मझरा गांव ले गए। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि कि आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। मौके से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में लटकने से मौत होने की पुष्टि हुई है।

संक्षिप्त समाचार

दो पैन कार्ड केसः आजम खां और बेटे अब्दुल्ला की तीन-तीन साल की सजा बढ़ी, जुर्माना भी पांच लाख किया गया

सपा नेता आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम की मुश्किलें दो पैन कार्ड मामले में और बढ़ गई हैं। एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने सरकार की अपील मंजूर करते हुए दोनों की सजा सात साल से बढ़ाकर 10-10 साल कर दी है। साथ ही दोनों पर पांच-पांच लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम की

मुश्किलें बढ़ गई है। कोर्ट ने उनकी सजा को तीन साल और बढ़ा दिया है। अब्दुल्ला आजम के दो पैन कार्ड मामले में मजिस्ट्रेट कोर्ट ने नवंबर 2025 में सपा नेता आजम खां और बेटे अब्दुल्ला को सात-सात साल की कैद और 50-50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई थी।इस मामले में बचाव पक्ष की ओर से सजा के खिलाफ और अभियोजन पक्ष की ओर से सजा बढ़ाने को लेकर एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में अपील दायर की गई थी। सजा बढ़ाने की अभियोजन पक्ष की अपील की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही है।सजा बढ़ाने से संबंधित अपील पर दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी हो गई है। इस मामले में अभियोजन की ओर से रूलिंग भी दाखिल की गई हैं। कोर्ट अब इस मामले में शनिवार को सुनवाई हुई।सुनवाई के बाद एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने सरकार की अपील को मंजूर कर दिया है। कोर्ट ने आजम व अब्दुल्ला की सजा को तीन तीन साल के लिए बढ़ा दिया है। इसके साथ ही अब ही पांच पांच लाख रुपये जुर्माना भी लगाया है। हेट स्पीच में हो चुकी है दो साल की कैद - इससे पहले शनिवार यानि 16 मई को साल 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान रामपुर के डीएम को तनखैया बोलते हुए उनसे जूते साफ कराने का बयान देने पर दर्ज केस में अदालत ने सपा नेता आजम खां को दो साल कैद की सजा सुनाई थी। आजम पर 20 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया। बेटे के दो पैन कार्ड मामले में सुनाई गई सजा के बाद आजम खां और अब्दुल्ला आजम नवंबर 2025 से जेल में हैं। तत्कालीन डीएम पर बयान के मामले में सजा सुनाए जाने के दौरान पर आजम जेल से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये कोर्ट की कार्यवाही से जुड़े रहे। सपा नेता आजम खां के खिलाफ यह मामला भोट थाना क्षेत्र में दर्ज कराया गया था। आरोप था कि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान भोट इलाके में उन्होंने जनता के बीच रोड शो में यह बयान दिया था। उस समय का चुनाव सपा-बसपा गठबंधन का था और रामपुर लोकसभा सीट से आजम खां प्रत्याशी थे। बयान देते समय का आजम खां का वीडियो भी वायरल हुआ था।वीडियो वायरल होने के बाद चुनाव आयोग ने राज्य निर्वाचन आयोग से रिपोर्ट तलब की थी। राज्य निर्वाचन आयोग ने जिला निर्वाचन अधिकारी से रिपोर्ट मांगते हुए कार्रवाई के आदेश दिए थे। इस आदेश के बाद चमरौआ विधानसभा क्षेत्र के एआरओ एवं टांडा के एसडीएम घनश्याम त्रिपाठी ने 11 मई 2019 को मुकदमा दर्ज कराया था। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में सुनवाई पूरी होने के बाद एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट शोभित बंसल की अदालत ने इस मामले में सपा नेता आजम खां को दोषी करार दिया। इसके बाद कोर्ट ने आजम खां को दो साल की कैद और 20 हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

जनसुनवाई में दिखी डीएम की इंसानियत, किडनी पीड़ित बच्चे को खुद भेजा अस्पताल

क्यूँ न लिखूँ सच/ रिपोर्ट ब्यूरो / कलेक्ट्रेट में अचेत हुए व्यक्ति को भी डीएम अविनाश सिंह ने पहुंचाया जिला अस्पताल बरेली। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनता दर्शन के दौरान शनिवार को जिलाधिकारी अविनाश सिंह का संवेदनशील और मानवीय चेहरा देखने को मिला। जनसुनवाई में एक महिला अपने मासूम बच्चे को लेकर पहुंची और बताया कि बच्चे की दोनों किडनी खराब हैं तथा आर्थिक तंगी के कारण इलाज कराना मुश्किल हो रहा है।

महिला ने जिलाधिकारी को बताया कि वह आयुष्मान कार्ड बनवाने आई है ताकि बच्चे का बेहतर इलाज हो सके। मामला सुनते ही जिलाधिकारी ने बिना देर किए तत्काल कार्रवाई की। नो व्हीकल डे होने के बावजूद बाहर से टैम्पो मंगवाकर महिला और उसके बीमार बच्चे को जिला अस्पताल भिजवाया गया। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि बच्चे का बेहतर उपचार सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने परिवार को भरोसा दिलाया कि इलाज में हर संभव मदद प्रशासन की ओर से दी जाएगी।

इसी दौरान जिलाधिकारी कार्यालय में मिलने आए एक अन्य व्यक्ति की अचानक तबीयत बिगड़ गई और वह अचेत होकर गिर पड़ा। यह देख जिलाधिकारी अविनाश सिंह तुरंत मौके पर पहुंचे और स्वयं पानी डालकर उसे होश में लाने का प्रयास किया। इसके बाद तत्काल उसे जिला अस्पताल भेजा गया।

इतना ही नहीं, जिलाधिकारी स्वयं भी उस व्यक्ति के साथ जिला अस्पताल पहुंचे और उसका स्वास्थ्य परीक्षण कराया। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि गर्मी के कारण व्यक्ति अचेत हुआ था और अब वह पूरी तरह स्वस्थ है।

प्रवर्तन टीम पर हमला पड़ा भारी ओवरलोड वाहन पकड़ने गई टीम पर जानलेवा हमला : पुलिस ने दबोचा हिस्ट्रीशीटर चालक

क्यूँ न लिखूँ सच/ रिपोर्ट ब्यूरो / बरेली । आंवला क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों के खिलाफ चल रहे अभियान के दौरान प्रवर्तन टीम पर हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

बताया जा रहा है कि बरेली-बदायूं बॉर्डर पर परिवहन विभाग की संयुक्त प्रवर्तन टीम ओवरलोड वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट का एक भारी वाहन अत्यधिक मात्रा में रेत लेकर जाता दिखाई दिया। टीम ने वाहन रोकने का इशारा किया, लेकिन चालक वाहन लेकर भागने लगा।

आरोप है कि पीछा करने पर चालक ने सरकारी वाहन में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे सरकारी गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। इतना ही नहीं, आरोपी ने प्रवर्तन टीम के सदस्यों की जान जोखिम में डालते हुए मौके से फरार होने की कोशिश की।

घटना की सूचना मिलते ही थाना आंवला पुलिस मौके पर पहुंची और संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपी रियाज को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी रामपुर जनपद का रहने वाला बताया जा रहा है और उसके खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

बरेली पुलिस में बड़ा फेरबदल, SSP अनुराग आर्य ने बदली कई थानों की कमान

क्यूँ न लिखूँ सच/ रिपोर्ट ब्यूरो / कोतवाली, भोजीपुरा, किला, आंवला समेत कई थानों में नए प्रभारी तैनात, साइबर सेल और सर्विलांस में भी बदलाव बरेली। जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। निरीक्षक और उपनिरीक्षकों के तबादले करते हुए कई थाना प्रभारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस बदलाव के बाद कोतवाली सहित कई थानों की कमान नए अधिकारियों के हाथों में पहुंच गई है।जारी आदेश के अनुसार निरीक्षक धनंजय कुमार पाण्डेय को कोतवाली से हटाकर प्रभारी निरीक्षक साइबर सेल बनाया गया है। वहीं निरीक्षक कुंवर बहादुर सिंह को साइबर सेल से भोजीपुरा थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भोजीपुरा से निरीक्षक राजीव कुमार सिंह को हटाकर कोतवाली का चार्ज दिया गया है।

उपनिरीक्षक संतोष कुमार सिंह को किला थाना प्रभारी से आंवला थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है, जबकि उपनिरीक्षक अचल कुमार को रिजर्व पुलिस लाइन से थाना प्रभारी किला भेजा गया है।

इसके अलावा निरीक्षक राजकुमार सिंह को भोजीपुरा से फतेहगंज पूर्वी का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। निरीक्षक संतोष कुमार को फतेहगंज पूर्वी से हटाकर हाफिजगंज की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं निरीक्षक प्रवीण कुमार सोलंकी को हाफिजगंज से शिकायत प्रकोष्ठ/आईजीआरएस भेजा गया है। निरीक्षक रवि कुमार को शिकायत प्रकोष्ठ/आईजीआरएस से मीरगंज थाना प्रभारी बनाया गया है, जबकि निरीक्षक संजय तोमर को मीरगंज से सर्विलांस सेल में तैनाती दी गई है। उपनिरीक्षक प्रयागराज सिंह को फतेहगंज पश्चिमी से बहेड़ी में एसएसआई पद पर भेजा गया है।

एसएसपी कार्यालय की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि जनपद में शांति व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और बेहतर पुलिसिंग को ध्यान में रखते हुए यह प्रशासनिक बदलाव किए गए हैं।

27 साल के युवक को पड़ा बड़ा हार्ट अटैक , मैक्स हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने बचाई जान

क्यूँ न लिखूँ सच/ रिपोर्ट ब्यूरो / युवाओं में बढ़ते हार्ट अटैक के खतरे को लेकर डॉक्टरों ने किया अलर्ट बरेली । कम उम्र में हार्ट अटैक के बढ़ते मामलों के बीच मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज के डॉक्टरों ने 27 वर्षीय युवक की जान बचाकर बड़ी सफलता हासिल की। बरेली निवासी राजेश मौर्य को अचानक सीने में दर्द और बेचैनी हुई, जांच में हार्ट की मुख्य धमनी लेफ्ट मेन कोरोनरी आर्टरी में गंभीर ब्लॉकेज मिला, जिसे विडो मेकर आर्टरी भी कहा जाता है। स्थिति गंभीर होने पर अस्पताल के सी.टी.वी.एस विभाग के सीनियर डायरेक्टर डॉ. वैभव मिश्रा के नेतृत्व में इमरजेंसी बायपास सर्जरी की गई, जो सफल रही। मरीज अब स्वस्थ हो रहा है।

डॉ. वैभव मिश्रा ने कहा कि अब 20-30 वर्ष के युवाओं में भी हार्ट अटैक के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, जबकि कई मरीजों में डायबिटीज, धूम्रपान या पारिवारिक इतिहास जैसे जोखिम कारक भी नहीं होते। उन्होंने युवाओं से सीने में दर्द, सांस फूलना, ज्यादा पसीना या असामान्य थकान जैसे लक्षणों को नजरअंदाज न करने की अपील की। डॉक्टरों ने नियमित हेल्थ चेकअप, तनाव कम रखने, पर्याप्त नींद और फिटनेस पर ध्यान देने की सलाह दी है।

सीडीओ ने तोड़ा प्रोटोकॉल, नौनिहालों संग जमीन पर बैठ बिखेरा ममता का प्यार

क्यूँ न लिखूँ सच/ रिपोर्ट ब्यूरो / कलारी के स्कूल मेले में दिखा भावुक नजारा, बच्चों को गोद में दुलारती नजर आईं सीडीओ बरेली। विकास खंड बिथरी चैनपुर के ग्राम पंचायत कलारी में शनिवार को बाल विकास परियोजना और प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में स्कूल रेडीनेस मेले का आयोजन हुआ। मेले में उस वक्त भावुक माहौल बन गया, जब मुख्य विकास अधिकारी कु0 देवयानी यादव प्रोटोकॉल भूल बच्चों के बीच जमीन पर बैठ गईं और नौनिहालों को गोद में उठाकर दुलार करती नजर आईं। सीडीओ का यह वात्सल्य भरा रूप देख ग्रामीण गदगद हो उठे।कार्यक्रम का शुभारंभ सीडीओ कु0 देवयानी यादव, डीपीओ मनोज कुमार, सीडीपीओ विमला कुमारी, डॉ शिखा अग्रवाल तथा प्रथम संस्था के पदाधिकारियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

मेले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा लगाए गए आकर्षक स्टालों पर बच्चों के मानसिक विकास से जुड़ी टीएलएम सामग्री, प्री-स्कूल किट और खेल-खिलौने प्रदर्शित किए गए।

सीडीओ ने सभी स्टालों का निरीक्षण कर कार्यकर्ताओं की सराहना की।

खेलकूद और बौद्धिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सीडीओ ने मेडल और उपहार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों की शुरुआती शिक्षा मजबूत होगी तभी समाज और देश का भविष्य उज्ज्वल बनेगा। अभिभावकों से बच्चों को नियमित स्कूल और आंगनबाड़ी भेजने की अपील भी की।

इस दौरान डीपीओ मनोज कुमार और सीडीपीओ विमला कुमारी ने भी शिक्षा और पोषण योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान नसरीन बी, पूजा मिश्रा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण और अभिभावक मौजूद रहे।

एक सप्ताह से अंधेरे में डूबा रामपुर तुलसीराम, गुस्साए ग्रामीणों ने एसडीओ का किया घेराव

क्यूँ न लिखूँ सच/ बरेली जनपद के ब्लॉक बता क्षेत्र स्थित ग्राम रामपुर तुलसीराम में पिछले एक सप्ताह से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण पूरी तरह ठप पड़ी विद्युत सप्लाई को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश आखिरकार शनिवार को फूट पड़ा। लगातार शिकायतों के बावजूद बिजली व्यवस्था बहाल न होने से नाराज दर्जनों ग्रामीणों ने बता सर्विस स्टेशन पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया और एसडीओ विपुल शुक्ला का घेराव कर तत्काल ट्रांसफार्मर बदलने की मांग उठाई। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में एक सप्ताह से बिजली सप्लाई बंद पड़ी है, जिससे लोगों का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। भीषण गर्मी के बीच बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों से शिकायत की गई, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला, धरातल पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। विपुल शुक्ला पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि समय रहते ट्रांसफार्मर बदल दिया जाता तो ग्रामीणों को इतनी परेशानी नहीं झेलनी पड़ती।ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर बदलकर विद्युत सप्लाई सुचारु नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान बिजली विभाग होश में आओ, गांव की सप्लाई चालू करो जैसे नारे पूरे परिसर में गूंजते रहे। ग्रामीणों का कहना था कि बिजली न होने से पेयजल संकट भी गहरा गया है। घरों में लगे मोटर और सबमर्सिबल बंद पड़े हैं, जिससे लोगों को पानी के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है। वहीं विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और रात के समय अंधेरे के कारण ग्रामीणों में असुरक्षा की भावना बनी हुई है। प्रदर्शन के दौरान नन्हेंलाल, कृपाल राम, डाकन लाल, धनुषधारी, अरविंद, दीपक, सतपाल शर्मा, सेवाराम, कांता प्रसाद, संजीव कुमार, अनिल सिंह, शशि भूषण, आनंद मौर्य सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

किसानों के संकट में सरकार बनी ढाल, कृषक दुर्घटना में लाभार्थियों को बांटे गए करोड़ों के चेक

